SWAMI KESHWANAND RAJASTHAN AGRICULTURAL UNIVERSITY
National Highway No. 15, Sriganganagar Road, Beechwal - Bikaner – 334006 (Rajasthan)
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 15, श्रीगंगानगर रोड़, बीछवाल - बीकानेर - 334006 (राजस्थान)
Phone : 0151-2250025 Fax : 0151-2250025 E-mail: reg@raubikaner.org

क्रमांकःप.65 / स्वाकेराकृविवि / सामान्यशाखा / ग्रुप– I / 2023 / 160 दिनांकः 14.07.2023

कार्यालय आदेश

स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पूर्व आदेश क्रमांकःप. 65 / स्वाकेराकृवि / सामान्य / ग्रुप–1 / 2017 / 707 दिनांक 30.08.2017 की निरन्तरता में डॉ. एन.के.पारीक, सहायक आचार्य कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर के सह–आचार्य पद पर श्रीकर्ण नरेन्द्र, कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में चयन हो जाने के कारण डॉ. सीमा त्यागी, सहायक आचार्य, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बीकानेर को अपने कार्य के साथ–साथ विश्वविद्यालय में "राजभाषा सम्पर्क अधिकारी" के रूप में मनोनित किया जाता है। यह राजभाषा हिन्दी से संबंधित निम्नलिखित कार्य देखेंगीः–

1. हिन्दी के प्रयोग सम्बन्धी राज्यादेशों की जानकारी तथा इस विभाग में एवं अधिनस्थ कार्यालयों में (यदि कोई हों) उनकी अनुपालना की देख–रेख करेंगीं।
2. भाषा विभाग के समस्त प्रकाशन एवं हिन्दी सम्बन्धी सहायक सामग्री इन्हें भेजी जायेंगी और मुख्यालय में समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों की सुविधा के लिए ये उसका इस प्रकार से संधारण करेंगीं कि सभी के द्वारा उसका उपयोग किया जा सकें। आवश्यकता के अनुसार अधिनस्थ कार्यालयों में प्रसारण हेतु उक्त सामग्री की कुछ अधिक प्रतियाँ (यथास्थिति) मंगा सकेंगीं।
3. भाषा विभाग की सावधि पत्रिका "भाषा परिचय" की प्रतियाँ भी इन्हें भेजी जायेंगी और मुख्यालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों में ये उसके प्रसारण की व्यवस्था करेगीं।
4. ये भाषा विभाग से निरन्तर सम्पर्क साधेंगी और राजभाषा सम्बन्धी पत्राचार करेंगी। विभागाध्यक्ष की उक्त कार्य में सहायता करेंगीं।

इस कार्य हेतु कोई अतिरिक्त भत्ता / अतिरिक्त अमला देय नहीं होगा। अपने अधिनस्थ कर्मचारियों में से उक्त कार्य हेतु यथा सुविधा वे किसी की भी सेवाएँ ले सकेंगीं।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

14/7/23

(सुनीता चौधरी)
कुल सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान शासन सचिव, शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल ब्लॉक न0 8, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 302015
2. समस्त अधिष्ठाता / निदेशक, ..., स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
3. वित्त नियंत्रक / भू–सम्पति अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / विशेषाधिकारी / विधि अधिकारी, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
5. प्रभारी अधिकारी, सिमका, स्वाकेराकृवि, बीकानेर को भेजकर लेख है कि कृपया इसे विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड़ करने का श्रम करावें।
6. डॉ. एन.के. पारीक, सहायक आचार्य, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना समस्त कार्यभार एवं उपलब्ध दस्तावेज डॉ. सीमा त्यागी, सहायक आचार्य, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बीकानेर को सुपुर्द करेंगें।
7. डॉ. सीमा त्यागी, सहायक आचार्य, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन निदेशालय, बीकानेर।
8. निजि सचिव, कुलपति / वरिष्ठ निजि सहायक, कुलसचिव, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
9. अनुभाग अधिकारी, स्थापना शाखा प्रथम / द्वितीय / नियुक्ति / सूचना का अधिकार / विधि / बैठक / सामान्य शाखा द्वितीय, प्रशासनिक कार्यालय, स्वाकेराकृवि, बीकानेर।
10. रक्षित पत्रावली।

14/7/23

(सुनीता चौधरी)
कुल सचिव